श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र शहीद जीत सिंह मार्ग कटवारिया सराय नई दिल्ली-110016)

एफ.1(04)/ल.ब.स.रा.सं.वि./सा.प्र. /2023-24/242 दिनांक: 14.05.2026

कार्यालय आदेश

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) मिशन LiFE पहल के तहत विश्व पर्यावरण दिवस (WED) 2026 के लिए एक राष्ट्रव्यापी पूर्व-अभियान का आयोजन कर रहा है। **विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 15 मई से 5 जून, 2026 तक पर्यावरण सुरक्षा एवं जन-जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे | विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का विषय "जलवायु परिवर्तन" है, जो पर्यावरणीय रूप से स्थायी जीवन शैली को बढ़ावा देने और संस्थानों और समुदायों में "ग्रह-समर्थक कार्यों"** (pro-planet actions) **को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।**

NCC/NSS इकाइयों द्वारा छात्रों का नेतृत्व करने के उद्देश्य से 'स्वस्थ और स्थायी जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले जागरूकता कार्यक्रम', 'पर्यावरणीय स्थिरता से संबंधित क्षेत्रीय गतिविधियाँ और सीखने की पहल' अभियान आयोजित किये जायेंगे | निम्नलिखित सात विषयगत क्षेत्रों में अनुरूप जागरूकता और आउटरीच गतिविधियां शुरू की जायेगी है:-

1. ऊर्जा बचाएं
2. पानी बचाएं
3. एकल-उपयोग प्लास्टिक को ना कहें
4. अपशिष्ट कम करें
5. ई-कचरा कम करें
6. स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं
7. पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा दें

वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम, Hackathons, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोंतरी प्रतियोगिता, जलवायु समाधानों पर नवाचार सम्बन्धी चुनौतियाँ, नवीकरणीय उर्जा एवं प्रवाहमय अर्थव्यवस्था आदि प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी | प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को निम्नलिखित पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी :-

1. प्रथम पुरस्कार - 1100/-
2. द्वितीय पुरस्कार - 900/-
3. तृतीय पुरस्कार - 700/-
4. सांत्वना पुरस्कार - 500/-

कार्यक्रम का सञ्चालन आचार्य मार्कंडेय नाथ तिवारी (छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख) के निर्देशन से किया जायेगा | उक्त कार्यक्रम हेतु डॉ० सुमिता त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है | NCC/ NSS **प्रुमख द्वारा डॉ० सुमिता त्रिपाठी**, नोडल अधिकारी को कार्यक्रम के सम्पूर्ण होने (रिपोर्ट आदि प्रेषित करने) तक सहयोग किया जायेगा | आचार्य मार्कंडेय नाथ तिवारी, कार्यक्रम के सञ्चालन हेतु रूपये 20,000/- (पुरस्कार वितरण, बैनर-पोस्टर आदि एवं अल्पाहार हेतु) की अग्रिम राशि ग्रहण करेंगे |

सभी LiFE Logo, प्रतिज्ञा और अन्य ब्रांडिंग सामग्री का उपयोग अभियान अवधि के दौरान मिशन जीवन को बढ़ावा देने वाले अनुकूलित सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए किया जा सकता है, नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं: -
https://missionlife-moefcc.nic.in/Downloads.php

आचार्य मार्कंडेय नाथ तिवारी के निर्देशन में, डॉ० सुमिता त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, NCC एवं NSS प्रमुख कार्यक्रम का स्थान, समय एवं तिथि स्वयं निश्चित करेंगे तथा इसकी जानकारी अभियांत्रिकी विभाग एवं संगणक विभाग को देंगे।

- यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जा रहा है।

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपि:

(1) समस्त पीठाध्यक्ष को सूचनार्थ
(2) आचार्य मार्कंडेय नाथ तिवारी (छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख)
(3) डॉ० सुमिता त्रिपाठी, मेरी LiFE पोर्टल (https://merilife.nic.in/) के माध्यम से नोडल अधिकारी के लिए फॉर्म भर कर प्रेषित करेंगी।
(4) NCC एवं NSS प्रमुख को सूचनार्थ
(5) उपकुलसचिव (परीक्षा)
(6) संगणक प्रमुख को निम्नलिखित आशय से प्रेषित:-
   (i) उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर, समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक वर्ग को Whatsapp तथा SMS के माध्यम से सूचित करें।
   (ii) फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी इत्यादि की उचित व्यवस्था करें।
(7) ओ.एस.डी. (कुलपति)
(8) निजी सचिव - कुलपति/ कुलसचिव/ वित्तांधिकारी
(9) समस्त सूचना पट्ट- छात्र-छात्राओं को सूचनार्थ।
(10) संबंधित पत्रावली
(11) कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)